प्रबंध निदेशक, सेंट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सीसीआईसीआईएल) के पद हेतु विज्ञापन

पीएसयू का नाम	सेंट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सीसीआईसीआईएल)
पद का नाम	प्रबंध निदेशक (एमडी)
रिक्ति की तारीख	01.06.2014
सीपीएसई का अनुसूची	'ग'
पद का वेतनमान	65000-75000/- रुपए (संशोधित/आईडीए)

1. कंपनी का परिचय

सेंट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सीसीआईसीआईएल) को भारत एवं विदेशों में उत्पाद बिक्री के आयोजन के माध्यम से कॉटेज इण्डस्ट्री के संवर्धन, विकास, सहायता के उद्देश्य के साथ भारत कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत शामिल किया गया था। सीसीआईसीआईएल वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन व्यापार एवं विपणन सेवा क्षेत्र में अनुसूची 'ग' की सीपीएसई है।

यह पंजीकृत है तथा इसका कार्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार, कंपनी की प्राधिकृत एवं प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमश: 12 करोड़ रुपए एवं 10.85 करोड़ रुपए थी।

कंपनी में भारत सरकार की हिस्सेदारी 100% है।

2. कार्य एवं दायित्व:

प्रबंध निदेशक निगम का मुख्य कार्यपालक है तथा निदेशक मंडल एवं सरकार के प्रति जवाबदेह है। वह निगम के प्रभावी संचालन तथा कोर्पोरेट लक्ष्यों एवं निष्पादन मानदंडों को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी है।

3. पात्रता:

I. आयु: 29.03.2014 को:

i. न्यूनतम 40 वर्ष

ii. अधिकतम 55 वर्ष

सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है।

II. योग्यता एवं अनुभव:

अनिवार्य:

आवेदनकर्ता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्‌यालय/संस्थान से अच्दे शैक्षिणिक रिकार्ड के साथ स्नातक होना चाहिए। उसके पास किसी बडे प्रतिष्ठित संगठन में प्रबंधन के वरिष्ठ पद पर पर्याप्त अनुभव होना चाहिए।

वांछनीय:

(क) तकनीकी/एमबीए योग्यता तथा प्रशासन, प्रबंधन में अनुभव के साथ वित्त संबंधी जानकारी रखने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ख) विपणन/उत्पादन क्षेत्रों में अनुभव तथा वस्त्र/हथकरघा/हस्तशिल्प क्षेत्रों की जानकारी होने से अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

(ग) अनुभव:

(i) हस्तशिल्प एवं वस्त्र क्षेत्र में अनुभव;

(ii) राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर वस्त्र, हथकरघा एवं हस्तशिल्प का विपणन

(iii) समूह विकास कार्यक्रमों का आयोजन

(iv) वस्त्र, हथकरघा एवं हस्तशिल्प में राज्य स्तरीय निगम का संचालन

III. **वेतनमान/टर्नओवर:**

(क) <u>केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र कार्यपालक</u>

निम्न वेतनमानों में पदधारक कार्यपालक:

6250 - 7475 रुपए (आईडीए)

01.01.1992 के बाद 8250 - 10050 रुपए (आईडीए)

01.01.1997 के बाद 18500 - 23900 रुपए (आईडीए)
01.01.2007 के बाद 43200 - 66000 रुपए (आईडीए)
14300 - 18300 रुपए (सीडीए)
37400 - 67000 रुपए + 8700 रुपए ग्रेड वेतन (सीडीए)

रिक्ति की तारीख पर, पात्र वेतनमान में सेवा की न्यूनतम अवधि आंतरिक उम्मीदवारों के लिए एक वर्ष होगी तथा बाहरी उम्मदीवारों के लिए दो वर्ष।

(ख) राज्य सार्वजनिक क्षेत्र कार्यपालक

50 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों में कार्यरत कार्यपालक।

(ग) सरकारी अधिकारी

निर्धारित योग्यता एवं अनुभव के बावजूद, रिक्ति की तारीख पर संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखने वाले भारत सरकार में निदेशक स्तर के अधिकारियों अथवा समान वेतन पर अथवा सेना में ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारी अथवा नौसेना/वायुसेना में समान स्तर के अधिकारी प्रतिनियुक्ति आधार पर विचार के पात्र होंगे।

4. नियुक्ति की अवधि:

नियुक्ति **मई, 2018** तक की अवधि के लिए अथवा सेवानिवृत्ति तक, अथवा अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, तक की जाएगी।

आवेदन प्रस्तुत करना:

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र से संभावित अभ्यर्थी तथा सरकारी अधिकारी अपने आवेदन, उचित माध्यम द्वारा, अनुबंध-। पर दिए गए प्रपत्र में भेजें।

राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यपालक अपने आवेदन अनुबंध-।। में दिए गए प्रपत्र में निम्न के साथ भेजें।

(i) उनकी वर्तमान/विगत जिम्मेदारियों के दौरान किए गए महत्वपूर्ण योगदानों तथा पद हेतु उनकी उपयुक्तता के संदर्भ में एक आलेख।

(ii) पिछले वित्तीय वर्ष की संपरीक्षित वार्षिक रिपोर्ट, अथवा कंपनी सचिव/सीएफओ द्वारा विधिवत सत्यापित वार्षिक कारोबार आंकड़े।

(iii) अधिकारियों की विभिन्न श्रेणियों हेतु आवेदन उचित माध्यम द्वारा इस प्रकार भेजे जाएंगे।

(क) सरकारी सेवकों हेतु सतर्कता निकासी, 4 वर्ष की प्रतिनियुक्ति हेतु संवर्ग निकासी, पिछले 5 वर्षों की एसीआर सहित संवर्ग नियंत्रक के माध्यम से।

(ख) सीपीएसई में सीएमडी/एमडी/निदेशकों हेतु संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा।

(ग) सीपीएसई में बोर्ड से नीचे के स्तर के लिए, संबंधित सीपीएसई द्वारा।

(घ) राज्य पीएसई ने सीएमडी/एमडी हेतु राज्य सरकार द्वारा।

(ड.) राज्य पीएसई/राज्य संयुक्त उद्यम हेतु संबंधित एसपीएसई द्वारा।

******